प्रेस विज्ञप्ति

राज भवन, राँची

दिनांक: 15 अक्टूबर, 2024 :

(1) माननीय राज्यपाल ने आज धनबाद में एस०जे०ए०एस० (SJAS) सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन किया।

माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज धनबाद में एस०जे०ए०एस० सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने अस्पताल में व्याप्त विभिन्न सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह अस्पताल इस क्षेत्र के लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण पहल है।

अवलोकन के क्रम में कहा गया कि यह अस्पताल अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों और विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाओं से सुसज्जित है, जो जटिल बीमारियों के इलाज में सक्षम होगा। राज्यपाल महोदय ने अस्पताल प्रबंधन से आह्वान किया कि समाज के कमजोर और वंचित वर्गों को भी स्वास्थ्य सेवाओं की पूरी सुविधा मिले, इस दिशा में विशेष ध्यान दिया जाए।

माननीय राज्यपाल ने अस्पताल के संस्थापकों, चिकित्सकों, नर्सों और सभी स्वास्थ्य कर्मियों को बधाई देते हुए विश्वास प्रकट किया कि यह अस्पताल आने वाले वर्षों में चिकित्सा क्षेत्र में नए आयाम स्थापित

करेगा और धनबाद तथा आसपास के क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करेगा।